# स्टोन क्रशर पर फायरिंग, लूटपाट व तोड़फोड़ मामले में आरोपी गिरफ्तार

## क्रशर पर तीन बार वारदात की थी, शराब ठेके पर भी वसूली नहीं देने पर वारदात की

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने गत दिनों थाना क्षेत्र के ग्राम नवल कुशालपुरा स्थित एक क्रशर पर फायरिंग, लूटपाट, तोड़फोड़ व रंगदारी वसूलने की धमकी देने के मामले में एक अन्तर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय व आदतन अपराधी अशोक उर्फ एसपी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। आरोपी अशोक का ग्राम खड़ब, नारेहड़ा व आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों में भय व्याप्त है। पुलिस टीम ने सोमवार को एसएचओ खान के नेतृत्व में आरोपी का ग्राम खड़ब व नारेहड़ा में विभिन्न मामलों की जांच को लेकर पैदल मार्च भी निकलवाया।



सरूण्ड पुलिस ने आदतन अपराधी अशोक को गिरफ्तार किया।

एसएचओ मोहम्मद ईमरान खान ने बताया कि गत 12 व 13 सितम्बर की मध्य रात्रि सहित 24 सितम्बर व दो अक्टूबर को लगातार तीन बार ग्राम नवल कुशालपुरा स्थित श्री श्याम बोहरा स्टोन क्रशर पर तोड़फोड़, आगजनी, फायरिंग, लूटपाट, रंगदारी वसूलने की धमकी देने की घटना कारित की गई थी। क्रशर मालिक को निरन्तर रंगदारी वसूली करने की धमकी दी जा रही थी एवं रंगदारी नहीं देने पर क्रशर पर बार-बार वारदात कारित की गई थी। इस सम्बंध में जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा, जिला एसपी राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक ने भी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुये अलग-अलग टीमों का गठन किया था। एसएचओ खान के नेतृत्व में भी पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश तेज की गई थी। साथ ही प्रकरण में तीन अलग-अलग मामले भी दर्ज किये गये थे। पुलिस ने अनुसंधान में मौके से खाली खोखे कारतूस भी जब्त किये थे। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नामजद आरोपियों की तलाश करते हुये प्रकरण में हरियाणा के नांगल चौधरी थाना क्षेत्र के ग्राम लुजोता निवासी रोहिताश गुर्जर व अंकित गुर्जर, ग्राम कल्याणपुरा कलां निवासी महावीर गुर्जर, कुहाड़ा निवासी रामसिंह गुर्जर को पूर्व में गिरफ्तार करते हुये एक विधि से संघर्षरत बालक को निरूद्ध भी किया गया था।

- पुलिस ने आरोपी का ग्राम खड़ब व नारेहड़ा में विभिन्न मामलों की जांच को लेकर पैदल मार्च निकलवाया

एसएचओ खान ने बताया कि अनुसंधान के दौरान 17 नवम्बर को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त वारदात में संलिप्त आरोपी अशोक उर्फ एसपी उर्फ सोनू हथियार लेकर ग्राम कुहाड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर के पास घूम रहा है, जो कहीं भी लूटपाट अथवा फायरिंग की घटना को अंजाम दे सकता है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उक्त आरोपी पुलिस को देखकर मंदिर की छत से फरार होने के लिये कूद गया, जिसे दबिश देकर पुलिस ने दबोचा एवं तलाशी ली तो उसके पास से बिना लाईसेंस का एक अवैध लोडेड देशी कट्टा भी बरामद किया गया। मंदिर की छत से कूदने के कारण आरोपी के शरीर में जगह-जगह चोटें आने पर मेडिकल मुआयना करवाया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुये आरोपी अशोक उर्फ सोनू उर्फ एसपी (22) पुत्र जयनारायण गुर्जर निवासी बाबाजी वाली ढाणी ग्राम खड़ब (सरूण्ड) कोटपूतली को गिरफ्तार कर लिया।

एसएचओ खान के मुताबिक उक्त आरोपी अशोक कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर जिला झुंझुनु, नीमकाथाना व कोटपूतली में डकैती, अपहरण व रंगदारी वसूलने की वारदातों को अंजाम दे चुका है। जिस पर सरूण्ड सहित जिले के बानसूर, पनियाला, कोटपूतली व बासदयाल में भी लगभग एक दर्जन प्रकरण गंभीर वारदातों के दर्ज है, जिनमें से कईयों में वह फरार चल रहा था।

# ट्रक से डोडा-चूरा व अफीम बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

## डोडा-चूरा और अफीम गुजरात ले जा रहे थे तस्कर



बिछीवाड़ा पुलिस ने डोडा-चूरा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने गुजरात से सटे रतनपुर बॉर्डर पर एक ट्रक से 42 किलो डोडा-चूरा और 380 ग्राम अफीम जब्त की है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर डोडा-चूरा और अफीम गुजरात ले जा रहे थे। पकड़े गए अफीम और डोडा-चूरा की कीमत करीब 3 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गुजरात से सटे डूंगरपुर के रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी कर गाड़ियों की तलाशी शुरू की। इस दौरान उदयपुर की ओर से एक गुजरात नंबर का ट्रक आता हुआ नजर आया। ट्रक को बॉर्डर पर रुकवाया। ट्रक में ड्राइवर सहित 2 लोग बैठे हुए थे। दोनों के नाम पूछने पर नारायणलाल पुत्र कालू गणेश मेघवाल निवासी सांगरिया पुलिस थाना मंगलवाड़ और सुंदरलाल पुत्र चुन्नीलाल अहीर निवासी लदानी पुलिस थाना फतेहनगर बताया। ट्रक में भरे सामान के बारे में पूछने पर घबरा गए। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। इस पर पुलिस को डोडा-चूरा और अफीम बरामद हुई। दोनों के पास डोडा-चूरा और अफीम के परिवहन के कोई कागजात भी नहीं मिले। इस पर पुलिस ने दोनों का वजन करवाया। 42 किलो डोडा चुरा और 380 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस ने तस्करी के आरोप में नारायण और सुंदरलाल को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

- डोडा-चूरा और अफीम की कीमत तीन लाख रुपए से अधिक बताई

# ताश-पत्ती से जुआ खेलते 10 गिरफ्तार

## पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 5270 रूपये बरामद किये

**ब्यावर, (निसं)।** पुलिस थाना ब्यावर सिटी टीम ने ताश-पत्ती से जुआ खेलते 10 जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से जुआ रकम बरामद की है।

जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह आई.पी.एस. के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में पुलिस थाना ब्यावर सिटी टीम ने कार्यवाही करते हुए ताश पत्ती से जुआ खेलने के आरोप में किशन सांखला पुत्र गुलाब सांखला, सूरज गहलोत पुत्र जगदीश माली, मोतीलाल पुत्र रामदीन निवासी शिव कॉलोनी, मसूदा रोड, कैलाशचन्द पुत्र पन्नालाल निवासी रेगरान मौहल्ला, मोतीलाल साहू पुत्र चुन्नीलाल निवासी बिचडली मौहल्ला गुजरान हथाई, सदीक मौहम्मद पुत्र इलाई बक्स निवासी छीपा मौहल्ला, हनुमान साहू पुत्र स्व रामदेव साहू निवासी गुजरान गली, गुजरान हथाई, ओमप्रकाश साहू पुत्र नाथूलाल निवासी नवगृह मंदिर के पास, बिचडली मौहल्ला, शिवराज पुत्र रंजीत निवासी बिचडली मौहल्ला, गुजरान हथाई, विष्णु प्रकाश पुत्र मोहनलाल निवासी लिंक रोड पानी की टंकी के पास, गायत्री नगर द्वितिय को गिरफ्तार किया व जुआ रकम बरामद की।



पुलिस टीम ने ताश-पत्ती से जुआ खेलते 10 जनों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार एएसआई हरनिवास टीम सहित गश्त कर रहे थे। उसी समय मुखबीर ने सूचना दी कि गिर्राज धर्मकांटा के पीछे अजमेर रोड पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस पर टीम ने तुरंत बताये स्थान पर पहुंचकर घेरा देकर पकड़ा व तलाशी ली तो ताश पत्ती और जुआ की रकम 5270 रूपये बरामद हुए जिनको कब्जे में लिया जाकर उनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर पूछताछ की जा रही है।

## अवैध शराब से भरी कार जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** फलासिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान ढाई लाख रूपये से अधिक की अवैध शराब से भरी कार जब्त की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में फलासिया थानाधिकारी सिताराम मय टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार को रूकने का इशारा किया।

इस पर चालक नाकाबंदी तोड़कर भागा। जिसे पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चालक आमलिया के आगे कच्चे रोड़ पर अंधेरे में कार छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंच कर तलाशी ली तो कार में अवैध शराब के 44 कर्टन पाए गए, जिसकी बाजार कीमत तीन लाख रूपये से अधिक की बताई जाती है।

# उलाहना देने पर कार चालक के साथ मारपीट

**मकराना, (निसं)।** कार को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने और इसका उलाहना देने पर लड़कों को मौके पर बुलाकर कार चालक के साथ मारपीट करने का एक मामला मकराना थाने में दर्ज हुआ है।

परिवादी ओमप्रकाश भाटी (44) निवासी मिण्डकिया रोड मकराना ने बताया कि वह रविवार को वह अपने दोस्त के शादी कार्यक्रम में शामिल होकर रसाल गांव से वापस मकराना आ रहा था। इस दौरान रास्ते में उसने एक जगह अपनी कार को साइड में खड़ी की। तभी एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार को साइड से टक्कर मार दी। कार में बैठे ओमप्रकाश, दोस्त प्रभुराम व उसके परिवार के लोगों ने उसे उलाहना दी तो उसने बहसबाजी करते हुए मौके पर ही अपने कुछ रिश्तेदार व परिचित लड़कों को बुलवा लिया। आरोपियों ने परिवादी ओमप्रकाश सहित उसके साथ मौजूद औरतों के साथ मारपीट की और नगदी छीन ली। परिवादी ने बताया कि आरोपियों ने उनसे 1.25 लाख रूपए और ढाई तोला सोने की चेन छीन ले गए। आरोपी कार में आए थे, जिनकी संख्या 7-8 थी। बाद में आरोपी वहां से भाग गए जिस पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिवादी ने पुलिस से आरोपियों की पहचान कर उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलवाने की मांग की है। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि परिवाद पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- 1.25 लाख रूपए और ढाई तोला सोने की चेन छीनने का आरोप

## ग्रामीणों ने संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा

**पावटा, (निसं)।** कस्बे पावटा में ग्रामीणों ने बाजार में घूमते एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर प्रागपुरा थाना पुलिस के हवाले किया है। पुलिस व्यक्ति की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया पावटा कस्बा में रविवार की रात दस बजे के करीब एक व्यक्ति घरों में घुसकर बैठने, मोहल्लों में महिलाओं से अभद्रता, गाली गलौच व वाहनों में तोड़फोड़ करने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने उन पर पथराव किया व भगाने का प्रयास किया और एक घर में जाकर छिपकर बैठ गया। वहीं जब शोर मचा तो काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। सूचना के दो घंटे बाद प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस की लापरवाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। वहीं ग्रामीणों ने पकड़े गए संदिग्ध व्यक्ति को को पुलिस के हवाले किया।

## युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले युवक की मौत हो गई। प्रकरण के अनुसार 14 नवंबर को झल्लारा थाना क्षेत्र नेडी भटवाड़ा गांव निवासी ईश्वर (19) पुत्र गांगा मीणा खेत पर मवेशियों को पानी पिलाने के लिए लेकर गया था, जहां उसने मवेशी की रस्सी को खोलकर बबूल के पेड़ पर फंदा डालकर फांसी लगा ली। इसको देख दौड़ कर आई उसकी मां व अन्य पड़ोसी उसे फंदे से निचे उतार कर सलूम्बर चिकित्सालय ले गए, जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां रविवार रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई किशोरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

# भाई के साथ जा रही बहन से छेड़छाड़ कर मारपीट की

**अजमेर, (कासं)।** अपने भाई के साथ कार में सवार होकर अपने ससुराल आ रही एक विवाहिता को जौंसगंज चौड़ी गली में रहने वाले एक परिवार के लोगों ने जबरदस्ती रोक लिया और विवाहिता से छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, उसे छोड़ने के लिए आ रहे विवाहिता के भाई पर भी हमला करके उसे घायल कर दिया और जब बीच बचाव करने के लिए ससुराल पक्ष के लोग आए तो उन पर भी पथराव करके उन्हें घायल कर दिया। रामगंज थाना पुलिस को घटना की शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मारपीट में घायल नरसिंहपुर जौन्स गंज निवासी दिनेश सुईवाल की पत्नी कोमल ने बताया कि 15 नवंबर की रात्रि करीब 10 बजे वह अपने पीहर से अपने भाई के साथ कार में सवार होकर अपने ससुराल जौन्सगंज आ रही थी, उसी दौरान उनकी कार को जौन्सगंज चौड़ी गली निवासी शैलेंद्र और उसके परिवार के लोगों ने रोक लिया तथा गली-गलौज शुरू कर दी। कोमल का कहना है कि जब वह कार से उतरी तो शैलेंद्र और उसके साथियों ने उसका हाथ पकड़ लिया और उसके साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया तथा छेड़छाड़ शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उसके साथ मारपीट भी की गई, जब उसके भाई ने बीच-बचाव करने के लिए उनका विरोध किया तो उसे भी शैलेंद्र और उसके साथियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

कोमल का कहना है कि इस बात का पता जब उसके ससुराल में उसके पति को चला तो वह अपने भाइयों के साथ वहां बीच बचाव करने के लिए पहुंचा तो शैलेंद्र और उसके साथियों ने घर में घुसकर गेट बंद कर लिया और छत पर जाकर उन पर पथराव कर दिया। पथराव की इस घटना में उसके पति दिनेश के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है तथा उसके भाई के सर में भी लगी है। इसके अलावा उसके दो देवर भी घायल हुए हैं, जबकि कार को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है।

मारपीट की घटना के विषय में जब रामगंज थाना पुलिस से संपर्क किया गया तो मामले की जांच कर रहे रामगंज चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से शिकायत मिली है और परस्पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है, वहीं घायलों का मेडिकल भी जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल से कराया गया है। मामले की जांच जारी है।

# फर्जी एप से धोखाधड़ी, तीन गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पुलिस थाना कोतवाली ने फर्जी फोन पे एप से रुपये ट्रांसफर करना बताकर धोखाधड़ी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि 13 नवंबर को प्रार्थिया टीना पत्नी भरत सिंह निवासी बांसवाडा ने रिपोर्ट दी कि 10 नवंबर को दो व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर उसकी ई-मित्र की दुकान पर आये और दोनों व्यक्तियों ने मास्क लगा रखा था, जिनमें से एक ने प्रार्थिया के फोन-पे स्केनर पर 5 हजार रुपये स्केन कर 5 हजार रुपये मांगे जिस पर प्रार्थिया ने पैसे सेण्ड करने का एसएमएस देखा तो 5 हजार रुपये उसके पति भगत सिंह के एकाउंट में नहीं आये थे। प्रार्थिया के पति उस व्यक्ति से पूछते उतने में वह दोनों अपनी मोटरसाइकिल से भाग गये। जिस पर इधर-उधर जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि ये लड़के राकेश गुप्ता की ई-मित्र की दुकान से भी पैसे ले गये व अशोक कुमार एवं दिपेश उपाध्याय की दुकान से भी फर्जी तरीके से सामान ले गये। ये लड़के फर्जी एप के जरिये लोगों के साथ ठगी करते हैं। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की। इस दौरान वारदात करने वाले तीन आरोपी राहुल गरासिया पुत्र देवीलाल निवासी आकाशवाणी कॉलोनी थाना राजतालाब, नकुल पुत्र प्रशांत पंड्या निवासी आकाशवाणी कॉलोनी व धीरज पुत्र चोबसिंह शाक्य निवासी नीलम नगर थाना राजतलाब से पूछताछ की तो इन्होंने जूर्म करना स्वीकार किया जिस पर इन्हें गिरफ्तार किया गया।

# छप्परपोश घरों लगी भीषण आग में मवेशी जिंदा जले

**सिकराय, (निसं)।** सिकंदरा थाने इलाके के राणोली गांव में रविवार देर रात को अचानक चार छप्परपोश घरों में भीषण आग लग गई और आग की चपेट में आने से छप्परपोश घर में बंधे मवेशियों में से एक भैंस व बकरी की जिंदा जलने से मौत हो गई और 4 भैंस झुलसने से गंभीर घायल हो गई। आग की लपटों को देखकर ढाणी में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और ढाणी के लोग आग पर काबू पाने के लिए दौड़े लेकिन हवा के चलने से आग बेकाबू हो गई।

- आग की लपटों को देखकर ढाणी में अफरा-तफरी का माहौल
- लोग आग पर काबू पाने के लिए दौड़े, लेकिन हवा के चलने से आग बेकाबू हुई



राणोली गांव में आगजनी की घटना के बाद पशुओं का उपचार किया।

सूचना पर राणोली चौकी प्रभारी हेमराज सिंह मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे और दौसा से आग पर काबू पाने के लिए दमकल व पानी के टैंकर बुलाए। ग्रामीणों ने पानी के टैंकर व मिट्टी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। दौसा से दमकल के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया। छप्परपोश घर के अंदर बंध रही मवेशियों में से भैंस व बकरी के आगजनी के दौरान अंदर ही बंधी रह जाने से दोनों मवेशी आग में जिंदा जलने से मौत हो गई और एक भैंस व बछड़ी के आग की चपेट में आने से झुलसने गयी जिससे गंभीर घायल हो गई।

राणोली पुलिस चौकी प्रभारी हेमराज सिंह ने बताया कि पुरण पुत्र मंगलाराम बैरवा के दो छप्परपोश घरों में भगवान सहाय पुत्र मंगलाराम बैरवा के दो छप्परपोश में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि समुद्र गुर्जर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की जानकारी दी और हल्का पटवारी से आगजनी की घटना को लेकर मौका रिपोर्ट तैयार करवाके तहसीलदार को भिजवाई। पशु चिकित्सक के द्वारा आगजनी में जलने से मौत हुई बकरी व भैंस का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान मौके पर दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# देव डूंगरी में शमशान की भूमि को लेकर सालवी समाज के लोगों का प्रदर्शन

## सालवी और रावत समाज अब आमने-सामने, गांव में अस्थाई पुलिस चौकी की मांग

**राजसमंद, (निसं)।** जिले की कुशलपुरा पंचायत के देव डूंगरी गांव में शमशान की भूमि को लेकर हुए विवाद के बाद अब सालवी और रावत समाज आमने-सामने है। इस प्रकरण में दोनों ही समाज के लोगों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपा। सालवी समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और पुलिस में दर्ज एससी-एसटी के प्रकरण में आरोपियों पर कानूनी कार्यवाही के साथ ही गांव में एक अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है, जबकि रावत समाज के लोग पूरे प्रकरण को जानकारी के अभाव में हुआ विवाद बता रहे हैं।

सालवी समाज महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश नागर ने बताया कि जिला कलेक्टर के माध्यम से गांव में शमशान की भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन उसमें शव दफनाने को लेकर रोका गया था। हालांकि प्रशासन की मौजूदगी में शव दफनाया गया। इस घटनाक्रम को लेकर भीम थाने में दर्ज 22 नामजद लोगों के खिलाफ अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। गांव में अब गवाहों को डराया धमकाया जा रहा है। कार्रवाई करने और गांव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग को लेकर सालवी समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



देव डूंगरी में शमशान की भूमि को लेकर विवाद मामले में सालवी समाजजनों ने प्रदर्शन किया।

उधर रावत समाज के लोगों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि यह विवाद जानकारी के अभाव में हुआ था। सरपंच और प्रशासन द्वारा शमशान के लिए जमीन आवंटित करने की जानकारी गांव में नहीं दी गई थी। शव दफनाते समय जब महिलाओं और पुरुषों ने आपत्ति जताई तो उनके साथ अभद्रता की गई थी। लेकिन अब 22 नामजद और करीब 100 अन्य लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की रावत समाज ने भी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। इस दौरान अखिल भारतीय भीम सेना जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र रेगर, दलित मंच जिला संयोजक सोहनलाल भाटी, दलित एवं आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड, अखिल भारतीय भीम सेना जिला उपाध्यक्ष अर्जुन पटवाल, अखिल भारतीय भीम सेना महिला ब्लॉक अध्यक्ष रेखा जटिया, नारायण पडियार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

- रावत समाज के लोगों ने विवाद को जानकारी का अभाव बताया, दोनों ही पक्षों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की

## कार्यशाला का आयोजन

**करौली( नि.स. )।** कैलादेवी भाजपा मण्डल में संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन पूराने थाने के पास पूना वालीं धर्मशाला में किया गया जिसकी अध्यक्षता कैलादेवी भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश पाल जादौन ने की, तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व संगठन पर्व के प्रभारी भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवान मुदगल हिण्डोन ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बूथ स्तर व शक्ति केन्द्रों कि संरचना सम्बन्धित चर्चा कि कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व जिला मंत्री गोपेश शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए संगठन की संरचना पर वल दिया तथा मण्डल अध्यक्ष ने कैलादेवी संगठन के सभी मोर्चों एवं संगठन सम्बन्धित अब-तक की गतिविधियों कि जानकारी दी तथा भाजपा संगठन के सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता की अब-तक की जानकारी दी। कार्यक्रम में कैलादेवी मण्डल के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण महेरा, हिम्मत सिंह जादौन,मण्डल महामंत्री राजू लाल मीणा,गजेन्द्र सिंह सिंह जादौन,पवन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश मीणा,लखन मित्तल,नवल मीणा,पूर्व मण्डल महामंत्री पप्पू वाल्मिक,रामू वकील,शक्ति केन्द्र संयोजक विरेन्द्र सिंह जादौन,रिंकू मीणा मामचारी,बूथ अध्यक्ष पूरण सिंह फौजी,ओपेन्द्र पाल जादौन,तेजेन्द्र पाल जादौन, सत्यनारायण चतुर्वेदी, राजकुमार सिंह जादौन उप सरपंच महोली, मण्डल मंत्री पवन मीणा,नरेंद्र कुमार योगी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नरेश मीणा के समर्थन में युवाओ ने निकाली रैली, ज्ञापन सौंपा

**गंगापुर सिटी ।** देवली-उनियारा से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को लोगों ने उदेई मोड से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और नारेबाजी कर विरोध-

- **दोषी अधिकारियो के खिलाफ कार्रवाही करने की मांग**
- **कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन देकर नरेश मीणा की रिहाई की मांग की।**

प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन देकर नरेश मीणा की रिहाई की मांग की। सोमवार को उदेई मोड के थोक फल-सब्जी मंडी पर समाज के युवा एकत्रित हुए।

यहां से सभी रैली के रूप में नरेश मीणा की रिहाई की मांग को लेकर नारे लगाते हुए रवाना हुए। रैली उदेई मोड थोक फल-सब्जी मंडी से पुरानी चुंगी, फव्वारा चौक, पंचायत समिति, कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली में पुलिस के जवान और खुद पुलिस उपाधीक्षक संतराम सहित अन्य पुलिस अधिकारी साथ चल रहे थे। रैली के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर यहां कार्यकर्ताओं ने नरेश मीणा की रिहाई को लेकर जमकर नारेबाजी की।



**नरेश मीना के समर्थन में रैली निकालते युवा।**

इसके बाद कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के दौरान जवानसिंह, पिंटू मीणा, कुंजीलाल, नरेन्द्र, लाला, जमनालाल बैरवा, हुकम, संदीप, अकलेश ने बताया कि समरावता पहले उपखंड उनियारा में आता था, लेकिन बाद में समरावता को देवली उपखंड में शामिल कर दिया।

ग्रामीणों की मांग थी कि उपखंड उनियारा समरावता गांव से 1०-15 किमी दूर है और देवली उपखंड कार्यालय समरावता गांव से करीब 9० किमी दूर है। ऐसे में ग्रामीण कई बार प्रशासन और सरकार को अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और ग्रामीणों ने 13 नवंबर को उपचुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया। मतदान के दिन भी किसी ग्रामीण ने मतदान नहीं किया।

उल्टे ग्रामीण मतदान केन्द्र से कुछ दूर धरना प्रदर्शन कर अपनी मांग कर रहे थे। धरना प्रदर्शन में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी शामिल हुए, लेकिन इसी दौरान मौके पर मौजूद उपखंड अधिकारी अमित चौधरी ने गांव की एक आशा सहयोगिनी और अन्य लोगों पर दबाव बनाकर मतदान कराया। इस बात पर नाराज होकर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा आवेश में आकर थप्पड जड दिया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने धरनास्थल आकर आंसू गैस के गोले दागकर हवाई फायरिंग की और ग्रामीणों पर लाठीचार्ज कर दिया।

जिससे ग्रामीणों में भगदड मच गई और काफी संख्या में ग्रामीण चोटिल हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना और कार्रवाई सोची समझी साजिश के तहत की गई है। प्रशासन ने बेवजह नरेश मीणा और युवाओं को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने प्रशासन से समरावता गांव में हुई घटना के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने, निर्दोष लोगों को तत्काल रिहा करने, गांव में भय का माहौल नहीं बनाकर शांति बनाने के लिए तत्काल पुलिस टीम हटाने, नरेश मीणा के खिलाफ दर्ज किए मुकदमे में कार्रवाई करने, ग्रामीणों के नुकसान का मुआवजा देने, घटना में घायल ग्रामीणों का मेडिकल करवाकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## सार-समाचार

### चार आरोपी गिरफ्तार



**करौली पुलिस कि गिरफ्त मे राज कार्य मे बाधा उत्पन्न करने के चार आरोपी ।**

**करौली** (नि.स.)। कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गत दिनों राज कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं पुलिस जाप्ता पर हमला करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात रहे कि करौली कोतवाली इंचार्ज थाना निरंजन कुमार पुलिस जाप्ता के कांस्टेबिल भगवन सिंह,देवेन्द्र,विनोद,सतेन्द्र करौली द्वारा मुकदमा नम्बर 4272024 मे थाना सदर करौली पुलिस जाप्ता पर हमला करने व राज कार्य मे बाधा उत्पन्न करने के मामले मे फरार चल रहे आरोपी कल्लन पुत्र भैरो माली,गोपाल पुल भैरो,रमेश पुत्र कल्लन एवं विनोद पुत्र हरीलाल माली निवासी नोनेटा कि ढांणी गूलर घटा को गिरफ्तार कर लिया है। देखने लायक यह है कि गत 9 नबम्वर को करौली सदर थाना अधिकारी चंचल शर्मा ने करौली कोतवाली थाने पर राज कार्य मे बाधा सरकारी वाहन को क्षितगग्रस्त करने व पुलिस के साथ झगडा करने का मामला दर्ज कराया था जिस पर आईजी रेंज भरतपुर व जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कि जिन्होने चार लोगो को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया है।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समय पर करते हुए सरकार की मंशानुरूप त्वरित कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बजट घोषणा की मॉनिटरिंग विभागीय स्तर पर करते हुए जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करायें। उन्होंने कर्मशिला में प्रस्तावित कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों के शिफ्टिंग के कार्य का तकमीना तैयार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने लोहागढ़ किला स्थित किशोरी महल में रखे राजस्व रिकॉर्ड को शीघ्र खाली करवाने तथा आमजन के लिए अवलोकनार्थ शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव यूआईटी ऋषभ मण्डल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत रामहेत मीना, जलदाय मनोहर सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग रामअवतार कुमावत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हरित बृज सोसायटी की बैठक आयोजित

**भरतपुर** (निस)। हरित बृज सोसायटी की मासिक बैठक विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में अध्यक्ष डॉ अशोक पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक का मुख्य बिंदु फ्लावर शो 2025 था जो 8 से 10 फरवरी 2025 तक होना प्रस्तावित है। गत फ्लावर शो की अपार सफलता को देखते हुए इस बार फ्लावर शो तीन दिन तक चलेगा। महासचिव सतेंद्र यादव ने फ्लावर शो के बारे विस्तार से बताया और कहा कि सभी सदस्य फ्लावर शो की तैयारियों में अभी से जुट जाए। साथ ही कहा कि इस बार फ्लावर शो में पिछले फ्लावर शो से अधिक पौधे लगाए जायेंगे। सीलम सिंह ने कहा कि इस बार किचिन गार्डन का भी एक सेक्शन रखा जाए। डॉ सुनीता पांडे ने औषधीय पौधे भी लगाने का प्रस्ताव रखा और कहा कि इस बार फ्लावर शो में शहर और आस पास के स्कूलों को विशेष रूप आमंत्रित किया जाएगा। आरती सिंह ने इस बार शहर के बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव रखा. जितेंद्र सिंह ने फ्लावर शो के लिए वित्त व्यवस्था पर विस्तृत रूप विचार रखे। ब्रह्मानंद शर्मा, शंकर लाल, जगदीश शर्मा, राजेश शर्मा, सीमा सिंह द्वारा शो को और बेहतर बनाने के बारे में विचार रखे। निशांत सिंह द्वारा किला परिसर में मियावाकी जंगल विकसित करने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री अवनीश जी द्वारा आवश्यक वित्त पर चर्चा की। बैठक में डॉ कमलेश, अरुण जैन, संदीप शर्मा, दलवीर सिंह, संजू शर्मा, सीमा गुप्ता, सुनीता कुशवाह, रोहित जैनिथ, हिमांशु सारस्वत, मोहित आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति भरतपुर द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर मांग की गई है कि राजस्थान सरकार के पेंशनभोगियों से कम्यूटेशन राशि की कटौती 14 वर्ष तक की जा रही है जबकि वर्तमान में बैंक की ब्याज दरें काफी कम हो जाने के कारण सम्पूर्ण राशि की रिकवरी लगभग 11 वर्ष में ही पूर्ण हो जाती है। अतः राज्य सरकार तुरन्त आदेश प्रसारित कर ग्यारह वर्ष बाद कम्यूटेशन की राशि की रिकवरी पर रोक लगाकर समस्त पेंशन भोगी कार्मिकों को राहत प्रदान करे। ज्ञापन मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में विशेषाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया।

# सफाई कर्मचारीयो की भर्ती भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की मांग

**करौली**(नि.स.)।सामाजिक कार्यकर्ता अ'ाोक पाठक ने प्रदे'ा के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर 185 नगर निकायो मे 24820 सफाई कर्मचारीयो कि सीधी भर्ती मे कुछ त्रुटियो को दूर कर भ्रष्टाचार मुक्त बनाने कि मांग कि है। सामाजिक कार्यकर्ता अ'ाोक पाठक ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को भेजे ज्ञापन मे खुलासा करते हुए बताया कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए आपने 185 नगर निकायों में 24820 सफाई कर्मचारियो की सीधी भर्ती निकाली है परन्तु यथार्थ में कुछ खामियो के चलते राज्य सरकार पर भारी आर्थिक भार पडने के बावजूद स्वच्छता का लक्ष्य हासिल करने कि संभावना बहुत कम है। यदि सफाई कर्मी भर्ती नियमों को व्यवहारिक संशोधन करके कुछ त्रुटियों को दूर करके आवेदन तिथि 20 नवम्बर को बढ़ा दिया जाये तो इसके यथार्थ परिणाम आ सकते है। उन्होने बताया कि सफाई कर्मचारियो की सीधी भर्ती में सभी अभ्यार्थीयों से 1 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है। वाल्मीकि समाज के अतिरिक्त किसी भी जाति वर्ग के व्यक्ति ने किसी सफाई संवेदक के अधीन मात्र 67 हजार रूपये मासिक वेतन में पूरे राज्य में सफाई कार्य नहीं किया हैं लेकिन गैर वाल्मीकि सभी जातियों के भारी संख्या में अनुभव प्रमाण पत्र बनाये जा रहें है। ये अनुभव प्रमाण पत्र टोकन व्यवस्था के आधार पर बन रहे है। अकेले जयपुर में 4000 भर्ती है. 9 लाख प्रति अभ्यर्थी की रेट है जिन्होने टोकन दिया है उनके अनुभव प्रमाण पत्र बन रहे है। वाल्मीकि समाज के लोग टोकन के अभाव में अनुभव प्रमाण पत्र से वंचित हैं। अब तक आपने कई भर्ती के घोटालों पर संख्त कार्यवाही की है।

# करौली में घर से लापता युवक का नही लगा सुराग

**करौली( नि.स. )।** करौली में घर से लापता युवक के पांचना नदी में कूदने की आशंका के चलते सिविल डिफेंस की टीम ने सोमवार को पॉचना बांध कि नदी मे सर्च ऑपरेशन चलाया युवक कि पांचना नदी के किनारे मिली मोटरसाईकिल एवं चप्पलो के आधार पर युवक की तलाश की जा रही है। अभी तक युवक का कोई पता नहीं लगा है। युवक रविवार को मोटरसाईकिल लेकरघर से निकला था। युवक के परिजनों की सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेंस टीम युवक की तलाश में जुटी है। करौली के पुरानी कलेक्ट्रेट चैराहा निवासी शशांक शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा रविवार शाम से घर से लापता है। युवक की मोटरसाईकिल रविवार रात पांचना नदी के किनारे खड़ी मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की। रात होने के चलते पुलिस और सिविल डिफेंस कि टीम ने मौका मुआयना कर अभियान रोक दिया। सोमवार प्रातः एक बार फिर युवक की तलाश के लिए पांचना नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कोतवाली पुलिस के साथ ही स्थानीय गोताखोर और सिविल डिफेंस की टीम पांचना नदी में युवक की तलाश कर रहे हैं।



**करौली के पॉचना नदी मे लापता युवक की तलाश करती सिविल डिफेंस कि टीम ।**

# खनन को रोकने के लिए पैदल मार्च निकाला

**भुसावर भरतपुर** (निस)। हिन्दू आस्था के केन्द्र और पर्यावरण महत्व के लिये प्रमुख पहाड़ कालिया बाबा उर्फ काला पहाड़ को बैद्य और अबैद्य तरीके से हो रहे खनन से बचाने के लिये गत दिन रविवार को कालिया बाबा के दर्जनों गाँवों से आये सैंकडो की संख्या में भक्तों ने पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के नेतृत्व में ग्राँवों सुआकी से लेकर हसनका फटा पहाड़ मन्दिर तक लगभग तीन किलो मीटर लम्बा पैदल मार्च निकाला और खनन तथा लीजों को निरस्त करने की माँग को लेकर प्रदर्शन किया। काला पहाड़ के खनन को बंद करने तथा नई लीजों को निरस्त करने और काला पहाड़ को देवस्थान विभाग में जोड़ने की माँग को लेकर चल रहे आन्दोलन के तहत ही रविवार को बड़ी संख्या में लोग ग्राम सुआकी में पहुंचे थे जो हसनका मन्दिर जाना चाहते थे। लेकिन सरकारी तन्त्र द्वारा तरह तरह के हथकन्डे अपना कर लोगों को रोकने और गुमराह करने के प्रयास किये गये। दोपहर को वयोवृद्ध समाजवादी नेता और पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट ग्राम सुआकी स्थित मन्दिर पर जुटी पंचायत में पहुँचे। जहाँ पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने संवोधित करते हुऐं कहा कि सरकार और पुलिस के लोग तानाशाही रास्ते पर चलकर शान्तपूर्ण आन्दोलन को हिंसक बनाना चहाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान में सबको अपनी बात कहने, सभा सम्मेलन करने का मौलिक अधिकार है। जिसे पुलिस और प्रशासन छिनना चाहता है। सरकार द्वारा जनता की आवाज को दबाकर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। पंड़ित रामकिशन ने कहा कि जब ना तो कफ्यू है और ना ही धारा 144 और ना ही ये लोग गुन्डे अपराधी तो फिर हिन्दू भक्तों को मन्दिर जाकर मिटिंग करने से रोका जा रहा है। पूर्व सांसद ने जब जनता के बीच घोषणा की कि मैं सबसे आगे चलूंगा पुलिस गिरफ्तार करेगी तो सबसे पहले मैं गिरफ्तारी दूंगा और सभी लोग गाँधी बादी तरिके से अनुशासन में रहकर मेरे पीछे पीछे चलते रहे। इसके बाद सैंकड़ों की संख्या स्त्री और पुरुप कालिया पहाड़ बचाओं, पर्यावरण बचाओं के नारे लगाते हुये जुलूस के साथ हसनका मन्दिर को चल पड़े। तीन किलो मीटर लम्बे जुलुस में कालिया भक्तो में भारी उत्साह था। हसनका मन्दिर पर पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन की अध्यक्षता में हुई महा पंचायत को किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासन ने कालिया बाबा के भक्तो के साथ वायदा खिलाफी की है। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि गत दिनों हुये आन्दोलन को प्रशासनिक अधिकारियों ने चार लीजों को तुरन्त निरस्त करने और बाकी लीजों को निरस्त करने तथा देवस्थान विभाग में सम्मलित करने के लिये कार्यवाही करने का वायदा करके आन्दोंलन का स्थगित कराया था लेकिन प्रशासन ने कोई भी वायदा नहीं निभाया जिसकी बजह सें भक्त और आसपास की जनता में नाराजगी देखने को मिल रही है।

# कलशयात्रा निकली,पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**सूरौठ ।** समीपवर्ती दौरदा ग्राम में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का किया गया आयोजन समाजसेवी प्रेमवीर शर्मा,मनीष शर्मा ,संदीप शर्मा गौरीशंकर ,सोनू, व मोनू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दौरदा ग्राम में ही राजेश शर्मा कि माता रेशम देवी के द्वारा मंदिर का निर्माण करवाकर शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई व,सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, बीरम सिंह शर्मा व ,विष्णु शर्मा दौरदा वालों के द्वारा नवनिर्मित मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण माता सीता व हनुमान जी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना करवाई गई,समारोह कार्यक्रम से पूर्व ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए बैंड बाजों के साथ कलशयात्रा निकाली गई ,कलशयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया व बैड बाजों के भक्ति भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया इस दौरान गांव का माहौल धर्ममय रहा व नगर भ्रमण करने के दौरान सभी भक्तजनों को प्रसादी का वितरण किया गया व इसके उपरांत आचार्यो व विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव परिवार , राम ,लक्ष्मण माता सीता व हनुमान जी,भगवान कि स्थापना कि गई तीन दिवस तक चलने वाली पूजा अर्चना के बाद 20 नवम्बर बुधवार को भगवान को भोग लगाने के बाद भंडारे प्रसादी का किया जायेगा ।

# कौशल महोत्सव की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**भरतपुर** (निस)। कौशल विकास और उद्यिमता मंत्रालय की ओर से भरतपुर के महारानी श्री जया कॉलेज के खेल मैदान पर 19 नवम्बर को कौशल महोत्सव का आयोजन केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्री जंयत चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला प्रभारी एवं जल

- **कौशल महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का सोमवार को पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया**

संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत व कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग के राज्यमंत्री केके विश्नोई के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कौशल महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का सोमवार को पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डॉ गर्ग ने कार्यक्रम में आने वाले बेरोजगार युवाओं के पंजीयन स्थल के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डॉ. गर्ग ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर बताया कि भरतपुर में पहली बार युवाओं को कौशल महोत्सव के जरिये रोजगार से जोडा जा रहा है। एनएसडीसी के अधिकारियों द्वारा पिछले करीब ढेड महिने से जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की पंचायतों में जाकर युवाओं के पंजीयन करने के साथ ही उन्हें टैनिंग देने का कार्य किया है।



**कौशल महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया ।**

जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 7 हजार से अधिक युवाओं के पंजीयन किये जा चुके हैं। जिनमें से 2500 युवाओं को टेनिंग दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार 19 नवम्बर को आयोजित होने वाले कौशल विकास महोत्सव में कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्री जंयत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेगे। डॉ गर्ग ने बताया कि कौशल मेला में करीब 70 कम्पनियां आयेंगी। जिनके द्वारा युवाओं को रोजगार दिया जायेगा।

डॉ गर्ग ने बताया कि उनका सपना है कि भरतपुर एज्यूकेंशन हब के रूप में विकसित हो। हांलाकि भरतपुर एनसीआर क्षेत्र में आने के कारण यहां उद्योग लगने में परेशानी आती है। भरतपुर में उद्योगपति उद्योग लगाने के लिये 500 करोड से अधिक का इनवेस्टमेंट करने को तैयार हैं। लेकिन एनसीआर की वजह से उद्योग नहीं लग पाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया कि वह भरतपुर को एनसीआर क्षेत्र से हटवाने की पहल करें। इस मौके पर नेशनल स्किल डवलपमेंट कॉरपोरेशन के सीईओ वेदमणी तिवारी ने बताया कि युवाओं के लिये रोजगार के लिये सबसे बडी समस्या इंटरव्यू देने की होती है। कौशल महोत्सव के तहत् गांव-गांव जाकर युवाओं को इंटरव्यू देने की टैनिंग अधिकारियों द्वारा दी गई है।

## जागरूकता शिविर का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बदन सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय पर सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिवक्ता नीरज शर्मा असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके अधिकार, गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, महिला सशक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, नालसा स्कीम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। शिविर में अधिवक्ता भविष्य फौजदार, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम, कन्या भूरण हत्या (पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) अधिनियम 1994, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 स्थाई लोक अदालत, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विद्यालय की व्याख्याता अंशु गर्ग द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# लीजेंड प्रीमियर लीग में हुए कही अहम मुकाबले



**प्रतियोगिता मे विजेता टीम**

**गंगापुर सिटी ।** नई दिशा सोसायटी द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में चल रही लीजेंड प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को पहला मैच किंग्स इलेवन और रनर्स क्लब के बीच खेला गया। जिसमें रनर्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और नरेंद्र पंडा के नाबाद 83 रन की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 144 रन बनाए। जिसके जवाब में उतरी किंग्स इलेवन की टीम की तेज शुरुआत रही। वैभव दुबे 43 रन और भंवर सिंह 34 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 8० रनों की साझेदारी की। अंत में रवींद्र शर्मा 24 रन और मयंक जैमिनी 16 की तेज पारी खेली पर अपनी टीम को विजय दिलाने में सफल नहीं हो सके। और रनर्स क्लब ने रोमांचक मुकाबले में 4 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में कैच ऑफ द मैच विजय सैनी, बोलर ऑफ द मैच सुरेंद्र मित्तल, सिक्स ऑफ द मैच मयंक जैमिनी और मैन ऑफ दी मैच नरेंद्र पंडा एवम् इस मैच में टॉस के बॉस अजय पाराशर रहे। दूसरा मैच धुंधेश्वर रॉयल और सीनियर क्रिकेटर के बीच खेला गया। जिसमें सीनियर क्रिकेटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ऋतुराज 45 रन, दिलीप सिंह 22 रन की बदौलत 15 ओवर में 12० रन का स्कोर खडा कर दिया। जिसके जवाब में उतरी धुंधेश्वर रॉयल की सधी हुई शुरुआत रही। नरेश पोसवाल 49 रन और केला प्रसाद 25 रन की पारियों की बदौलत 15 वे ओवर में मैच अपने नाम किया। इस मैच के टॉस ऑफ द मैच समाज सेवी नवल दनगस,कैच ऑफ द मैच करतार सिंह सिक्स ऑफ द मैच नरेश पोसवाल, बोलर ऑफ द मैच केला प्रसाद और मैन ऑफ द मैच केला प्रसाद रहे।

